शहीद भगत सिंह सभागार का लोकार्पण किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख गुरेंद्र सिंह ढिल्लो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूप सिंह, ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष महाराज सिंह, संदेश ढिल्लो, सतीश कुमार, एडीओ पंचायत मदनपाल सिंह, अरविंद कुमार मित्तल, ब्रजभान सिंह, गौरव गंधर्व आदि मौजूद रहे।



साइंस टैलेंट मेगा हंट परीक्षा के छात्रों को किया गया सम्मानित। • हिन्दुस्तान

## प्रदर्शनी में छात्रों ने पेश किए साइंस के मॉडल

अमरोहा। शहर के कैलसा रोड पर जेएसएच पीजी कालेज के साइंस फैकल्टी में शुक्रवार को साइंस टैलेंट हंट मेगा परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 20 इंटर कालेज के कुल 128 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें बीएससी और एमएससी के 100 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने मॉडल पेश किए। मुरादाबाद के केजीके महाविद्यालय के प्रोफेसर डीके सिन्हा ने मॉडल का मूल्यांकन किया। महाविद्यालय के प्रोफेसर डा.पवन कुमार गेरा, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.वीर वीरेंद्र सिंह ने विचार रखे। निदेशक डा.सौरभ अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद कर छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। संचालन डा.कावेरी सक्सेना ने किया।

## शहर में आज

- **बैठक** : कलक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक दोपहर 2:00 बजे से।
- **परीक्षा** : गजरौला ब्लाक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा-चार
- **हड़ताल** : नौगावां सादात में नगर पंचायत सफाई कर्मचारी संघ की हड़ताल सुबह 8:00 बजे से।
- **धरना** : रजबपुर के गांव कूबी में किसानों का धरना सुबह 8:00 बजे से।

ब्लाक परिसर में शुक्रवार को शहीद भगत सिंह सभागार के लोकार्पण करने के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों के विकास के लिए योजनाएं चला रही है। जिसका लाभ उनको ... मौके पर भूप सिंह, संदेश ढिल्लो, सतीश कुमार, मदन पाल सिंह ढिल्लो, गौरव गंधर्व, अरविंद कुमार मित्तल, बृजभान सिंह समेत तमाम प्रधान व बीडीसी सदस्य मौजूद रहे। ... कह दिया कि पालिका में सिर्फ पालिका अध्यक्ष का ही हस्तक्षेप रहेगा। किसी भी जनप्रतिनिधि के पति या पुत्र की दखलंदाजी वह बर्दाश्त नहीं करेंगी। इसके बाद पालिका

# साइंस टैलेंट हंट में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



जेएस हिंदू डिग्री कालेज में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्राचार्य वीर वीरेंद्र सिंह डा. सौरभ अग्रवाल व कालेज प्रबंध समिति के पदाधिकारी ● जागरण

**जेएस हिन्दू पीजी कालेज साइंस फैकल्टी कैलसा रोड कैंपस में हुई परीक्षा, 20 कालेजों के 128 विद्यार्थी हुए शामिल**

जागरण संवाददाता, अमरोहा : जेएस हिन्दू पीजी कालेज साइंस फैकल्टी कैलसा रोड स्थित कैंपस में साइंस टैलेंट हंट मेगा परीक्षा हुई। जिसमें 20 इंटर कालेजों के चयनित 128 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें सभी सफल छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय का स्कूल बैग व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

विगत दो माह से साइंस फैकल्टी क्षेत्र के विभिन्न इंटर कालेजों में जाकर कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए साइंस टैलेंट हंट की परीक्षा कराई थी। जिसमें हर कालेज से गणित और जीव विज्ञान ग्रुप के पांच-पांच छात्र-छात्राएं चयनित किए गए थे। शुक्रवार को कैलसा रोड स्थित साइंस कैंपस में साइंस हंट मेगा परीक्षा हुई। जिसमें सभी चयनित छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त साइंस फैकल्टी में विज्ञान माडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के बीएससी और एमएससी के छात्र-छात्राओं एक से बढ़कर एक 100 से अधिक शानदार माडल प्रस्तुत किए। यह माडल वर्किंग भी थे और नान वर्किंग भी। जिनका मूल्यांकन केजीके महाविद्यालय मुरादाबाद के रसायन विज्ञान विभाग के प्रभारी प्रोफेसर डीके सिन्हा ने किया। जिसमें सर्वोच्च पांच स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्रोफेसर डा. पवन कुमार गेरा ने साइंस टैलेंट हंट प्रतियोगिता कि उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। जबकि महाविद्यालय प्रबंध समिति के मंत्री ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डा. वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन करने से बच्चों में विषय के प्रति लगाव बढ़ता है। निदेशक डा. सौरभ अग्रवाल ने कहा कि यह कड़ी प्रतियोगिता का समय है, जो छात्र छात्राएं कड़ी मेहनत करेंगें उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। संचालन डा. कावेरी सक्सेना ने किया। डा. अमित कुमार शुक्ला, डा. धर्मेंद्र कुमार शर्मा, डा. अमित पाल सिंह, डा. सूरज सैनी, डा. मृदुला भलवार, डा. सत्यवीर सिंह चौहान, डा. रचना गुप्ता, डा. हर्षदीप यादव, डा. चिरंजीव, डा. सचिन कुमार, डा. नवनीत बिश्नोई, डा. बबलू सिंह, डा. अनुराग पांडेय, डा. मनमोहन सिंह, डा. हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

पेज से संबंधित खबरें : https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_jyotiba-phule-nagar-news-hindi.html पर भी देखें।

# धीमी गति से चल रहा स्टेशन पर काम

जागरण संवाददाता, गजरौला : ... करने की समयसीमा दो वर्ष है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक कार्य

---

# मॉडल प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

## प्रतियोगिताओं से बढ़ता विद्यार्थियों का आत्म विश्वास:सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

अमरोहा। विज्ञान माडल प्रदर्शनी में छात्राओं ने मनमोहक मॉडल का प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया। प्रथम तीन स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जेएस हिन्दू डिग्री कालेज के कैलसा रोड स्थित परिसर में बीएससी एवं एमएससी के छात्र-छात्राओं की साइंस टैलेंट हंट मेगा परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के मॉडल पेश कर छात्र-छात्राओं ने सभी का दिल जीत लिया। वर्किंग व नान वर्किंग दोनो तरह के करीब 100 मॉडल तैयार किये गये थे। मॉडल प्रदर्शनी में शुरू तीन स्थानों पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में 20 इंटर कालेजों के 128 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**जेएस पीजी कालेज में हुआ आयोजन**

केजीके कालेज मुरादाबाद के विज्ञान विभाग के प्रभारी प्रोफेसर डीके सिन्हा ने मॉडल का मूल्यांकन करते कहा कि आज के दौर में इस तरह प्रतियोगिताओं आयोजन जरूरी है। उन्होंने छात्र-छात्राओ की प्रशंसा करते कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं उनके अंदर आत्म विश्वास की भावना को बढ़ाती है। प्राचार्य वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्रों में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति तेज होती है। इस मौके पर डा. अमित कुमार शुक्ला, डा. धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, डा. अमित पाल सिंह, डा॰ सूरज सैनी, डा. पवन कुमार गेरा, डा. मृदुला भलवार, डा. सत्यवीर सिंह, डा. रचना गुप्ता, डा. हर्षदीप यादव, डा. चिरंजीव, डा. सचिन कुमार, डा. नवनीत विश्नोई, डा. बब्लू सिंह, नदीम अख्तर, शहनवाज, प्रवेश शर्मा, ड. अनुराग पांडेय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कावेरी सक्सैना, ने किया।



अमरोहा। जेएस डिग्री कालेज में प्रदर्शनी के दौरान मॉडल का निरीक्षण करते प्राचार्य।